विधानसभा सत्र से पहले मुलाकात

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिले हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

चंडीगढ़ (धरणी): हरियाणा में विधानसभा के शीतकालीन सत्र की शुरूआत से पहले नवचयनित विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण आज लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला से मिले। हरविंद्र कल्याण की मुलाकात को एक औपचारिक मुलाकात माना जा रहा है, लेकिन चर्चा है कि विधानसभा सत्र से ठीक पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ हरविंद्र कल्याण ने मुलाकात कर उनके अनुभव को साझा किया। बता दें कि हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष बनने के बाद हरविंद्र कल्याण ने पिछले दिनों उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से भी मिलकर आए थे। हरविंद्र कल्याण हाल ही में हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष सर्वसम्मति से

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को बुके प्रदान करते हरविंद्र कल्याण।

चुने गए हैं। हरविंद्र कल्याण ने हाल ही में विधानसभा के विधायी कार्यों से संबंधित कार्यों को भी गति दी है। हरियाणा में विधायकों को अलॉट होने वाले एमएलए फ्लैट्स के मामले में भी उन्होंने कार्यों में गतिशीलता लाई है। ऐसी जानकारी मिली है कि शैक्षणिक दृष्टि से इंजीनियरिंग पास हरविंद्र कल्याण हरियाणा की ई-विधानसभा को और सुदृढ़ बनाने के लिए सकारात्मक प्रयास करेंगे।

विधायकों को ई-लाइब्रेरी, ई-संवैधानिक जानकारी तथा वैधानिक जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए हरविंद्र कल्याण इन कार्यों को प्राथमिकता दे सकते हैं। अतीत में राजनीति में रहते हुए गैर विवादास्पद व्यक्तित्व के रूप में पहचान रखने वाले हरविंद्र कल्याण प्रचार-प्रसार की बजाए व्यवहारिकता में कामों में अमलीजामा पहनाने में यकीन रखते हैं। हरविंद्र कल्याण को बिना किसी विवाद के सर्वसम्मति से विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया था। कल्याण के विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की ओर से कल्याण की कार्यप्रणाली को लेकर उनकी खुलकर तारीफ भी की गई थी।

एक ओर जहां मुख्यमंत्री नायब सिंह सनी ने उम्मीद जताई कि वह अपने विस्तृत अनुभव, अनूठी कार्यशैली, विनम्रता और विवेक जैसे अद्भुत व्यक्तित्व जैसे गुणों से विधानसभा अध्यक्ष के पद की गरिमा को भी नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी कल्याण के कुशल व्यवहार की खुले मन से तारीफ की थी। इसके साथ ही पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रघुबीर कादियान ने भी कल्याण के कार्य करने की प्रणाली की जमकर तारीफ की थी। कादियान ने कहा था कि उन्होंने हरविंद्र कल्याण के संस्कार के साथ शिक्षा और विधायक के रूप में सभी कार्य देखे हैं। पीसीसी सदस्यों की नियुक्ति में भी उनकी ओर से कोई भेदभाव नहीं किया गया। विधायकों के शपथ ग्रहण के बाद ही हरविंद्र कल्याण अपने कार्य में जुट गए थे।

ब्राह्मण खाप करेगी मकर संक्रांति पर 21 ग़रीब कन्याओं के विवाह : अशोक शर्मा

करनाल (आशुतोष गौतम): ब्राह्मण खाप हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा ने कहा कि आने वाली मकर संक्रांति के अवसर पर ग़रीब व असहाय परिवारों की 21 कन्याओं की हिन्दू रीति रिवाज से शादियां ब्राह्मण खाप हरियाणा द्वारा समस्त समाज के आशीर्वाद व सहयोग से की जाएंगी।

नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने के लिए समाज के गणमान्य प्रबुद्ध जनों को आमंत्रित किया जाएगा। नवविवाहित जोड़ों को घर बसाने के लिए अति आवश्यक घरेलू सामान भी भेंट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज में बहुत कुरीतियां फैल रहीं हैं उन कुरीतियों व बुराईयों को दूर करने के लिए खाप समाज के साथ खड़ी है।

शिशुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा के बारे में चर्चा

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

रादौर (जसवंत): सरकारी अस्पताल में बुधवार को शिशु सुरक्षा दिवस के अवसर पर एसएमओ डॉ. विजय परमार ने शिशुओं की सुरक्षा के बारे में चर्चा की।

उन्होंने बताया कि शिशु दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों में शिशुओं की सुरक्षा से संबंधित जागरूकता फैलाना और शिशुओं की उचित देखभाल कर के उनके जीवन की रक्षा करना है। उन्होंने बताया कि विश्व भर में नवजात शिशुओं की उचित सुरक्षा ना होने तथा सही देखभाल ना होने के कारण वह काल के गाल में समा जाते हैं।

भारत में शिशुओं के मृत्यु दर कई देशों की अपेक्षा अधिक है। स्वास्थ्य संबंधी देखभाल ना होने के कारण यह समस्या और

जानकारी देते एसएमओ डॉ. विजय परमार।

भी विकराल हो जाती है। देश की कई सरकारों ने इस संदर्भ में कई कार्यक्रमों और योजनाओं को जनहित में लागू करके शिशुओं की मृत्यु दर को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए है।

लेकिन जनसंख्या के बढ़ते बोझ व बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव तथा जागरूकता की कमी के कारण शिशुओं की मृत्यु दर में अपेक्षित कमी नहीं आई है।

वेदांता स्कूल में कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता दौरान बच्चे विद्यालय स्टॉफ के साथ

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

नरवाना (जेठी): वेदांता इंटरनेशनल स्कूल कलौदा खुर्द में आज कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और कला कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार के कार्ड जैसे - बर्थडे कार्ड, वेलकम कार्ड, गेट वेल सून कार्ड, थैंक यू कार्ड आदि बनाने की चुनौती दी गई थी। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में कला के प्रति रूचि बढ़ाना उनकी सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करना और उन्हें नई-नई कला विधियो से अवगत कराना था। सभी कक्षा के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह और लगन से भाग लिया। विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे कागज, सजावट की सामग्रियों और रचनात्मक डिजाइनों का उपयोग कर सुंदर और आकर्षक कार्ड बनाए। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुषमा आर्या ने इस प्रतियोगिता का अवलोकन किया और बच्चों के प्रयासों की सराहना की। स्कूल के डायरेक्टर इंजीनियर प्रदीप नैन ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं नए केवल छात्रों के रचनात्मक कौशल को निखारती हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास में बढ़ती है। निर्णायक मंडल ने सभी कार्ड का मूल्यांकन करते हुए सर्वश्रेष्ठ कार्ड बनाने वाले छात्रों के नाम की घोषणा की। स्कूल स्कूल के चेयरमैन रवि श्योकंद ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र हिरेन, मयंक, शाहिद, दीपांशी आदि को सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्या ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर सभी प्रतिभागियों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। इस कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता ने छात्रों के अंदर छिपी कला और सृजनात्मकता को एक नया आयाम दिया और इस दिन को विशेष बना दिया।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में 72 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज की स्थापना आज

कुरुक्षेत्र (दुग्गल)- राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में 72 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज की स्थापना वीरवार को 10:30 बजे होगी। समारोह का भव्य कार्यक्रम संस्थान के पुराने प्रशासनिक भवन के बाहर स्थित मुख्य पार्क में किया जाएगा। संस्थान में यह राष्ट्रीय ध्वज फ्लैग फाउंडेशन आफ इंडिया के सहयोग से स्थापित किया जा रहा है, जिसके अध्यक्ष नवीन जिंदल है, जोकि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के सांसद होने के साथ साथ एक सफल उद्यमी भी है। भारत की शान तिरंगे को राष्ट्रीय महत्व के संस्थान मे फहराता देख कर यहां के विद्यार्थियों में देश प्रेम की भावना और अधिक जाग्रत होगी जिससे वो देश को प्यार करने वाले अच्छे नागरिक बन सकेंगे। इस मौके पर 72 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज को समर्पित स्मारक का अनावरण सांसद नवीन जिंदल करेंगे। कार्यक्रम की शुरूआत में तिरंगे के सम्मान मे संस्थान के एनसीसी के कैडेटस की परेड होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवीन जिंदल होंगे। संस्थान के छात्रों की तरफ से देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम के समापन के बाद नवीन जिंदल संस्थान के छात्रों के साथ संवाद भी करेंगे।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते ग्रामीण।

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

नरवाना (जेठी): एचआईआरडी की तरफ से जिला सत्र पर आयोजित करवाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य की देखरेख में प्रशिक्षण कार्यक्रम नरवाना उपमंडल के गांव उझाना में आयोजित किए गए।

उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं इसके नौ संकल्पों के बारे में सघन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले की सभी 300 पंचायतों के सरपंच, स्वच्छाग्रही तथा ग्राम सचिव शामिल हो रहे हैं। जिला प्रशासन की देखरेख एवं मार्गदर्शन में चलाई जाने वाले प्रशिक्षण में खण्ड समन्वयक जयपाल ढोबी एवं रामकरण की विशेष भागीदारी है। अतिरिक्त उपायुक्त महोदय ने बताया कि प्रत्येक दिन 80 से 100 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

अतिरिक्त उपायुक्त महोदय ने बताया कि केवल स्वच्छ भारत मिशन के तहत बेहतर कार्य करने वाली पंचायत,स्वस्थ पंचायत, बलहितैषी पंचायत, साफ सुथरी पंचायत, संसाधनों वाली पंचायत और महिला हितैषी पंचायत आदि संकल्पों में भागीदारी कर सकती है।अतिरिक्त उपाय मध्य ने बताया कि जींद जिले की उजाला खंड की 5 ग्राम पंचायत ही राज्य स्तर पर मूल्यांकन हेतु चयनित की गई व एक ग्राम पंचायत राज्य स्तर पर चयन हुआ है। सभी सरपंचों को इस बात के लिए प्रेरित किया जाएगा कि जिले की सभी पंचायत इन संकल्पना को लेकर बेहतर कार्य करें।

फार्म नं. 3

देखें (विनियमन-15 (1) (ए)/16(.....)

कर्ज वसूली ट्रिब्यूनल चंडीगढ़ (डीआरटी 2)

प्रथम मंजिल एससीओ 33-34-35 सैक्टर-17ए, चंडीगढ़ (तृतीय और चतुर्थ मंजिल पर भी अतिरिक्त आवंटित स्थान)

केस नं. ओए/947/2024

Exh. No. 23893

कर्ज वसूली ट्रिब्यूनल (प्रक्रिया) नियमों 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2ए) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन्ज़

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

बनाम

रमेश कुमार कुमार

सेवा में,

(1) रमेश कुमार कुमार
D/W/S/O- मौजी राम
रमेश कुमार (ऋणदाता) पुत्र मौजी राम, मकान नं. 479, हुड्डा, नजदीक जीटी रोड, सेक्टर-6, पानीपत, हरियाणा-132103, पानीपत हरियाणा-132103

सम्मन्ज़

जैसे कि, ओए/947/2024 माननीय प्रीजाइडिंग ऑफिसर/**11.09.2024** पर पंजीकरण सूचीबद्ध था।

जैसे कि, यह माननीय ट्रिब्यूनल से अधिनियम की धारा 19(4) (ओ ए) के अन्तर्गत उक्त प्रार्थना पत्र पर सम्मन्ज़ द्वारा जारी किया गया, **रु. 2012531/-** के कर वसूली के लिए आप द्वारा भरना होगा (दस्तावेजों वगैरहा के परिष्ठि की कापियों के साथ-साथ प्रार्थना पत्र)

आप अधिनियम की धारा 19 की उप धारा (4) के साथ तदनानुसार जैसा कि निम्न प्रतिभागी निर्देशित किए गए हैं:-

(i) सम्मन्ज़ की सर्विस के 30 दिनों के भीतर-भीतर कारण बताओ, कि क्यों आपको छुटकारा दिया जाना चाहिए।

(ii) असल प्रार्थना प्रपत्र के क्र. 3ए के अन्तर्गत आवेदक द्वारा सम्पत्तियों और सम्पत्ति विशेष अन्य सम्पत्तियों या सम्पत्तियों के विवरणों को डिसक्लोज कर दिया गया।

(iii) सम्पत्तियों की सलंग्ता के लिए प्रार्थना पत्र की पेंडिंग, हेयरिंग और डिस्पोजल, असल प्रार्थना पत्र के क्रमांक 3ए के अन्तर्गत बंद सम्पत्तियों और अन्य ऐसी सम्पत्तियों या सुरक्षित सम्पत्तियों की डिस्पोजिंग या डीलिंग से आप प्रतिरोधित हैं।

(iv) आप ट्रिब्यूनल की प्रारंभिक स्वीकृति के बिना असल प्रार्थना पत्र के क्रमांक 3ए के अन्तर्गत विशेष या बंद की गई सम्पत्तियों और अन्य सम्पत्तियों और/या जो सुरक्षाहित बनाई गई है से ऊपर की किसी सम्पत्ति या उसके बिजनेस के ऑर्डीनरी कोर्स में अतिरिक्त बिक्री या पट्टे के रास्ते द्वारा परिवर्तित नहीं करेंगे।

(v) ऐसी सम्पत्तियों पर सुरक्षाहित वित्तीय संस्थानों की होल्डिंग या बैंक से मैनेटेंड खाते में ऐसी बिक्री प्रोसीडज़ जमा और बिजनेस के ऑर्डीनरी कोर्स में सम्पत्तियों और अन्य सम्पत्तियों या सुरक्षित सम्पत्तियों की बिक्री द्वारा बिक्री प्रोसीडज़ जारी करने के लिए आप खाते के ही उत्तरदायी होंगे।

आपको लिखित में सीधे फाइल में स्टेटमेंट के साथ उसकी एक कापी आवेदक को तिथि **25.11.2024 को प्रातः 10.30 बजे** या इससे पहले **रजिस्ट्रार** को देनी होगी, वरना आपकी अनुपस्थिति में निर्णय और सुनवाई प्रार्थना पत्र पर कर दी जाएगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं इस ट्रिब्यूनल की मोहर के साथ यह तिथि 12.09.2024 को जारी किया।

सम्मन्ज़ जारी करने वाले अधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर।

खाद्य पूर्ति विभाग के कर्मचारी मिले भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री से

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

यमुनानगर/मेहता : खाद्य पूर्ति विभाग के कर्मचारियों ने आज भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री राज ठाकुर से मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ भारतीय मजदूर संघ के कर्मचारी नेता आशीष धीमान मुख्य रूप से मौजूद रहे ।जिला मंत्री के समक्ष कर्मचारियों ने अपनी मांगें रखी।

उन्होंने कहा हरियाणा सरकार द्वारा नौकरी सुरक्षा जो दी गई है वह सभी विभाग के कर्मचारियों पर लागू हो। कर्मचारियों ने अपनी समस्याएं बताते हुए कहा विभाग में कंप्यूटर ऑपरेटर और क्लर्क जो इस दायरे में आते थे उनको तो एक्ट का लाभ मिला है लेकिन चौकीदार चपरासी आदि को इसका लाभ नहीं मिला ।इस पर जिला मंत्री राज ठाकुर ने कहा जल्द ही प्रदेश महामंत्री भारतीय मजदूर संघ से इस बारे में वार्ता होगी सभी को जॉब सिक्योरिटी एक्ट का लाभ मिले, गहनता से इस पर विचार किया जाएगा। कर्मचारी नेता आशीष धीमान ने कहा जिला मंत्री द्वारा प्रदेश नेतृत्व के सामने रखा जाएगा और सभी कर्मचारियों की जो भी जायज मांगे हैं उनको प्रमुखता से उठाया जाएगा ।

संजोली को मिला यूके के किंग चार्ल्स के जन्म दिन समारोह का न्यौता

संजौली ने सेवा और महिला अधिकार के क्षेत्र में बनाई अंतर्राष्ट्रीय पहचान

» यूके ने चयन किया था विश्व की 75 टाप महिलाओं की सूची में

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

करनाल (आशुतोष गौतम): सामाजिक कार्यों के साथ युवाओं की ऊर्जा सकारात्मक दिशा में लगाने के लिए यूनाइटेड किंगडम सरकार द्वारा 75 साल में 75 महिलाओं की सूची में स्थान बनाने वाली करनाल की बेटी संजोली बनर्जी को हाल ही में यूनाईटेड किंगडम के राजा किंग चार्ल्स के जन्म दिन समरोह में शामिल होने का न्यौता मिला। यह न्यौता हरियाणा की एक मात्र महिला समाजसेवी को मिला है। उन्हें यह बुलावा उनके सेवा और महिला अधिकारों के क्षेत्र में इंटरनलैशनल स्तर कि किए गए कार्यों को देखते हुए मिला हैं।उन्हें यह बुलावा ब्रिटिश उच्चायोग के माध्यम से मिला। इस अवसर को लेकर वह तथा

● निमंत्रण पत्र दिखातीं संजौली।

उनका परिवार काफी उत्साहित हैं। उनका कहना है कि आज देश में युवाओं की ऊर्जा सही दिशा में लगाने की जरूत है। उनका कहना है कि आज समूचा विश्व भारत के युवाओं की तरफ देख रहा हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि आज मोदी के कारण विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा है। संजोली ने कहा कि वह यूनाइटेड नैशन के साथ पालिसी मेकिंग के क्षेत्र में काम करना चाहती हैं। संजोली ने बताया कि विश्व की चयनित 75 महिलाओं में वह सबसे कम उम्र की महिला हैं और हरियाणा से एक मात्र । संजोली ने बताया किइससे पहले उनका चयन भारत के आजादी के अमृत वर्ष को लेकर यूके की सरकार ने 75 महिलाओं मुें किया गया। इन महिलाओं को बर्मिंघम पैलेस में ब्रिटेन के किंग चार्ल्स ने अपने यहां सम्मान समारोह में बुलाया था। इसको लेकर इन महिलाओं के परिचय वाली पुस्तिका प्रकाशित की गई थी। संजोली करनाल के इगलिश गुरु मिहिर वैनर्जी की बड़ी बेटी है। उनकी दूसरी बेटी भी सेवा के काम में लगी है। बैनर्जी सिस्टर करनाल और दिल्ली में सुशिक्षा अभियान चला रही है संजोली ने बताया कि वह आस्ट्रेलिया से समाजसेवा में जी जी की डिग्री कर चुकी हैं। इससे पहले उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा में पी जीकी हैं। वह आस्ट्रेलिया में एक दिन की सासंद बनी।

सदस्यता अभियान में बढ-चढ़ कर लें हिस्साः करण प्रताप बेदी

सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा कार्यकर्त्ताओं ने की बैठक

नरवाना (नरेन्द्र जेठी): भाजपा मंडल नरवाना की बैठक मंडल अध्यक्ष प्रमोद शर्मा की अगुवाई में हरियल रेस्ट हाउस नरवाना में हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य 1 नवंबर से 30 नवंबर तक चलने वाले सदस्यता अभियान में अधिक से अधिक लोगों को भारतीय जनता पार्टी से जोड़ना था। भाजपा नेता अमरपाल राणा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की नीतियों से हर किसी का भला हो रहा है।

इन नीतियों को लोगों तक पहुंचाएं व अधिक से अधिक लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाएं। भाजपा नेता करण प्रताप बेदी ने कहा कि भाजपा अपना परिवार व कुन्बे का विस्तार करें। 1 नवंबर से 30 नवंबर तक सदस्यता अभियान में बढ़-चढ़कर सहयोग करें। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष ईश्वर गोयल, मनु छाबड़ा, वीरेंद्र नैन, पुरुषोत्तम आर्य, बलदेव वाल्मीकि, मनोज सेन, कृष्णागोपाल, धर्मराज, सुरेंदर लिखा, सनी चुघ, महेंद्र बेदी, असीम राणा, महावीर सैनी, मनोज सेन, सुरेंद्र नंबरदार, ज्ञानाराम शर्मा, सुनीता भियान महिला मोर्चा के साथ काफी महिला सदस्य भी मौजूद रही।

मोदी सरकार ने लाखों शौचालय बनवाए, हिमाचल सरकार शौचालयों से टैक्स वसूलना चाहती हैः विज

» रेलवे की तर्ज पर बस स्टैंडों पर भी खाने-पीने के सामान को चैक करने के लिए अलग से कारपोरेशन बनाने पर किया जाएगा अध्ययन

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

चंडीगढ़/अम्बाला (उत्तम हिन्दू न्यूज): हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड्गे के बयान कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बातें घुमा फिराकर करने की आदत है, पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि घुमा फिराकर बातें करना कांग्रेस के डीएनए में है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि रेलवे की तर्ज पर बस स्टैंडों पर भी खाने-पीने के सामान को चैक करने के लिए अलग से कारपोरेशन बनाने पर अध्ययन किया जाएगा।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी ने कितने मुफ्त योजना के वायदे किए थे, लेकिन अब उल्टा उनकी सरकार के पास कर्मचारियों को तनख्वाह देने के लिए भी पैसे नहीं है।

एक तरफ हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर में लाखों शौचालय बनवाए हैं, वहीं दूसरी तरफ हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार शौचालयों से भी टैक्स वसूल कर कमाई करना चाहती है। जम्मू कश्मीर के नव-निर्वाचित मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के बयान कि भाजपा ने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी का नजरिया अपनाया होता तो जम्मू कश्मीर की यह हालत नहीं होती, पर हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी से लेकर आज तक जम्मू-कश्मीर को लेकर हमारी पार्टी की एक ही विचारधारा रही है। हम शुरू से एक देश में दो विधान दो निशान के खिलाफ थे। इसी को आगे बढ़ाते हुए हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को खत्म किया है।

वहीं, एक सवाल के जवाब पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि भेदभाव की सारी फिलॉसफी कांग्रेस के पास है कांग्रेस ने ही धर्म के आधार पर देश का बंटवारा करवाकर पाकिस्तान बनवाया था जिसमें 10 लाख लोग मारे गए थे। भेदभाव के आधार पर ही सिखों का कत्लेआम करवाया था, और राजीव गांधी ने कहा था कि जब कोई बड़ा पेड़ गिरता है धरती तो हिलती ही है।

आपदा प्रबंधन थीम में कीर्ति प्रथम

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

लाडवा / शिव लाल चालिया- खंड स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी 2024 में ठाकुरी देवी राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाडवा की छात्रा कीर्ति ने आपदा प्रबंधन थीम में प्रथम स्थान, भावना ने कचरा प्रबंधन में द्वितीय स्थान, पलक ने नैचुरल फार्मिंग में तृतीय स्थान हासिल किया है। वंशिका ने फूड, हैल्थ, एंड हाईजीन थीम में द्वितीय स्थान हासिल किया है।

● मेधावी छात्राएं स्कूल स्टाफ के साथ।

प्रिंसिपल रामपाल सरोहा ने सभी बच्चों को सफलता पर बधाई दी है।

केनरा बैंक ने क्षेत्रीय कार्यालय, पंचकुला में एमएसएमई ग्राहक आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया। इस आयोजन पर श्री. विश्वनाथ शिवप्पा सोमनवर, एजीएम उपस्थित थे। उन्होंने इस इवेंट में एमएसएमई उत्पादों के बारे में बात की।

JM FINANCIAL

जे एम फाइनेंशियल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड

कॉर्पोरेट परिचय नंबर: U67190MH2007PLC74287

पंजीकृत कार्यालय: 7वीं मंजिल, सेनर्जी, अप्पासाहेब मराठे मार्ग, प्रभादेवी, मुंबई-400025

संपर्क व्यक्ति :1. रमेश कुमार-9991613002, 2. विशाल केतले-9584966653, 3. ज्योति सावंत-022-6224 1676

Website-www.jmfinancialarc.com

ई-नीलामी बिक्री सूचना-ताज़ा बिक्री

पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (जिसे पहले दीवान हाउसिंग एंड फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) ने धारा 5 (1) (बी) के तहत सभी अधिकारों, शीर्षक और ब्याज के साथ अंतर्निहित सुरक्षा हित के साथ ऋण का एक पूल (नीचे उल्लिखित ऋणों सहित) सौंपा है। जेएमएफएआरसी (जेएम) के पक्ष में दिनांक 29 मार्च, 2023 ('असाइनमेंट एग्रीमेंट') के एक असाइनमेंट समझौते के माध्यम से वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ('सरफेसी अधिनियम') (यहां असाइनी के रूप में संदर्भित) जेएमएफएआरसी-अरण्य-ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता में कार्य कर रहा है। सूचित किया जाता है कि पीसीएचएफएल को असाइनमेंट/सेवा अनुबंध के माध्यम से सभी परिचालन और प्रक्रिया प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाने के लिए सेवा प्रदाता/संग्रह एजेंट के रूप में कार्य करने के लिए अधिकृत और नियुक्त किया गया है।

उधारकर्ताओं से देय राशि की वसूली के लिए **SARFAESI अधिनियम, 2002** के तहत सुरक्षित लेनदार के अधिकृत अधिकारी द्वारा यहां जारी उल्लिखित सुरक्षित संपत्ति पर कब्जा करने के लिए, अचल संपत्ति की खरीद के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं, जैसा कि यहां बताया गया है, जो भौतिक कब्जे में है, **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है'** और **'जो कुछ है जहां है'** के आधार पर, जिसका विवरण नीचे दिया गया है:-

ऋण कोड/शाखा/ ऋणदाता(ों)/ सह-ऋणदाता(ों)/ग्रांटर(ों)	डिमांड नोटिस की तिथि एवं राशि	अंतिम सम्पत्ति का पता	आरक्षित मूल्य	जमा धरोहर राशि (ईएमडी) (आरपी का 10 प्रतिशत)	बकाया राशि (04.11.2024)
ऋण कोड नं. 13500007032 चंडीगढ़ -सेक्टर 22 (शाखा), राजीव कुमार (ऋणदाता), पूजा पत्नी राजीव कुमार (सह ऋणदाता 1)	तिथि 16.03.2018, रु. 10,88,939/- (मात्र दस लाख अट्ठासी हजार नौ सौ उनतालीस रुपए)	विस्तारित सम्पत्ति में सभी पीस एवं पार्सल: -खसरा नं. 8//23 गांव करहान गांव करहान पटेल नगर अंबाला हरियाणा 133001 जैसे सीमा:- उत्तर-अन्य सम्पत्ति, दक्षिण-अन्य सम्पत्ति, पूर्व-अन्य सम्पत्ति, पश्चिम-गली।	रु. 8,30,000/- (मात्र आठ लाख तीस हजार रुपए)	रु. 83,000/- (मात्र तिरासी हजार रुपए)	रु. 27,48,982/- (मात्र सत्ताईस लाख अड़तालीस हजार नौ सौ बेयासी रुपए)
ऋण कोड नं. 13500007318 चंडीगढ़ -सेक्टर 22 (शाखा), प्रदीप पुत्र सपत्तर सिंह (ऋणदाता), कुसुम लता (सह ऋणदाता 1)	तिथि 30.04.2018, रु. 16,83,835/- (मात्र सोलह लाख तिरासी हजार आठ सौ पैंतीस रुपए)	विस्तारित सम्पत्ति में सभी पीस एवं पार्सल: -प्लाट नं. 11 उत्तर भाग सेक्टर बी डिफेंस कालोनी खसरा नं. 18//8/2 टुंडला अंबाला हरियाणा 133001 जैसे सीमा:- उत्तर-डीपीसी प्लाट, दक्षिण-शेष भाग, पूर्व-बलबीर कौर का मकान, पश्चिम-गली।	रु. 11,20,000/- (मात्र ग्यारह लाख बीस हजार रुपए)	रु. 1,12,000/- (मात्र एक लाख बारह हजार रुपए)	रु. 28,91,579/- (मात्र अट्ठाइस लाख इक्यानवे हजार पांच सौ उनासी रुपए)
ऋण कोड नं. 28600000523 हरिद्वार (शाखा), जॉनी कुमार (ऋणदाता), राम कुमारी (सह ऋणदाता 1)	तिथि 30.04.2018, रु. 11,85,045/- (मात्र ग्यारह लाख पच्चासी हजार पैंतालीस रुपए)	विस्तारित सम्पत्ति में सभी पीस एवं पार्सल: -प्लाट नं. 58, राजन कालोनी, वाका रकबा अधोया वाका तहसील बराड़ा अंबाला हरियाणा 133205 जैसे सीमा:- उत्तर-प्लाट नं. 59, दक्षिण-प्लाट नं. 57, पूर्व-प्लाट नं. 75, पश्चिम- 22 फीट गली।	रु. 16,20,000/- (मात्र सोलह लाख बीस हजार रुपए)	रु. 1,62,000/- (मात्र एक लाख बासठ हजार रुपए)	रु. 17,38,972/- (मात्र सत्रह लाख अड़तीस हजार नौ सौ बहत्तर रुपए)
ऋण कोड नं. 13500006872 चंडीगढ़ -सेक्टर 22 (शाखा) संतोष कुमार गुप्ता (ऋणदाता), अंजू गुप्ता (सह ऋणदाता 1)	तिथि 17.05.2021, रु. 23,52,117/- (मात्र तेइस लाख बावन हजार एक सौ सत्रह रुपए)	विस्तारित सम्पत्ति में सभी पीस एवं पार्सल: -गोयल अपार्टमेंट, फ्लैट नं. 2, ग्राउंड फ्लोर ब्लॉक नं. ए, कुसमपति शिमला हिमाचल प्रदेश 171009 जैसे सीमा:- उत्तर-पथ, दक्षिण-प्राइवेट बिल्डिंग, पूर्व-प्राइवेट बिल्डिंग, पश्चिम-फ्लैट नं. 01	रु. 17,70,000/- (मात्र सत्रह लाख सत्तर हजार रुपए)	रु. 1,77,000/- (मात्र एक लाख सतहत्तर हजार रुपए)	रु. 40,31,267/- (मात्र चालीस लाख इकत्तीस हजार दो सौ सड़सठ रुपए)

ई-नीलामी की तिथि 20.12.2024 अपराह्न 11.00 बजे से अपराह्न 2.00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ), बोली जमा करने की अंतिम तिथि 19.12.2024, शाम 4.00 बजे से पहले।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया https://www.jmfinancialarc.com/Home/Assetsforsale OR https://www.bankauctions.in. पर दिए गए लिंक का हवाला लें।

SARFAESI अधिनियम के तहत ऋणदाता/ग्रांटर/बंधक को वैधानिक 30 दिनों की बिक्री की सूचना

एतद् द्वारा उपरोक्त उल्लिखित ऋणदाता/ग्रांटर/ को धारा 13(2) नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान नीलामी की तिथि से पहले ब्याज के साथ पूर्ण रूप से अर्जित करने के लिए कहा जाता है, जिसमें विफल होने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री की जाएगी और शेष राशि यदि कोई हो ऋणदाता/ग्रांटर से ब्याज और लागत के साथ वसूल की जाएगी।

तिथि : नवम्बर 07, 2024
स्थान: हरियाणा।

हस्ता/- (अधिकृत अधिकारी) (अरण्य-ट्रस्ट)